# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**


**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (27.04.2025)**

HINDUSTAN
MUZAFFAPRUR
DATE:27.04.2025
PAGE-10

## विवि में 150 लोगों की स्वास्थ्य जांच

**मुजफ्फरपुर ।** विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र एवं आसव अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। बीआरएबीयू के लगभग 150 शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की शिविर में जांच की गई।

कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय और प्रॉक्टर प्रो. बी.एस. राय ने शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का समन्वय स्वास्थ्य केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. अंकिता सिंह एवं डॉ. अंजलि चंद्रा कर रही थीं।

आसव अस्पताल की डॉ. अमृता के नेतृत्व में डॉ. कन्हैया जनरल फिजिशियन, डॉ. सना स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अश्वनी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. अनन्या फिजियोथेरेपी की टीम द्वारा नेत्र जांच, शुगर, बी.पी., बीएमआई आदि जांच की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सीसीडीसी डॉ. मधु सिंह, सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन डॉ. संगीता रानी, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता रानी, डॉ. कुसुम, डॉ. रेणु, डॉ. विदिशा मिश्रा, डॉ. अमर शुक्ला, डॉ. विनोद बैठा तथा स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 27.04.2025, PAGE-10**

## 11 मई को होगा विवि कर्मचारी संघ का चुनाव

मुजफ्फरपुर । बीआरएबीयू कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर 28 अप्रैल को औपबंधिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। चुनाव को लेकर शनिवार को आमसभा आयोजित की गई। कर्मचारी संघ ने कहा कि मतदाता सूची का प्रकाशन 29 अप्रैल को किया जाएगा। 11 मई को मतदान होगा। दैनिक भोगी कर्मचारियों ने वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने पर विरोध जताया और उठकर चले गए।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:27.04.2025, PAGE-10**

## विवि के दैनिक कर्मियों को मिलेगी ईपीएफ की राशि

**बोले मुजफ्फरपुर असर**



25 अप्रैल 2025 को प्रकाशित खबर

**05** वर्षों से कर्मचरियों को नहीं मिली थी ईपीएफ की राशि

**68** कर्मियों को मिलेगा ईपीएफ का लाभ, विवि ने इसको लेकर पूरी की प्रक्रिया

- विश्वविद्यालय के दैनिक वेतन भोगी कर्मी ईपीएफ को लेकर कर चुके हैं प्रदर्शन

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआर बिहार विश्वविद्यालय के 68 दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को ईपीएफ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इनमें तीन वैसे कर्मचारी है जिनकी मृत्यु हो चुकी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने त्वरित गति से ईपीएफ के लंबित काम का निपटारा शनिवार को कर दिया। आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने बीते 25 अप्रैल को बोले मुजफ्फरपुर अभियान के तहत 'त्योहार की छुट्टी न रविवार की, सेवा नियमित की आस में सेवानिवृत्त हो रहे दैनिक वेतनभोगी' शीर्षक से विवि के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की समस्या की ओर विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। इनमें उनकी तीन प्रमुख समस्याएं सेवा नियमित करना, समय पर वेतन भुगतान और ईपीएफ का लाभ देना शामिल था।

बीआरएबीयू के रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार ने कहा कि ईपीएफ देने की सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

बीआरएबीयू के कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राम कुमार और सचिव गौरव ने बताया कि ईपीएफ के लिए विवि के दैनिक भोगी कर्मचारियों ने काफी आंदोलन भी किया था। अब दैनिक भोगी कर्मचारियों को ईपीएफ की राशि के साथ पासबुक भी मिलने जा रहा है। बोले मुजफ्फरपुर में संवाद के दौरान एक महिला दैनिक भोगी कर्मचारी ने ईपीएफ खाता नहीं मिलने की बात कही थी।

**कर्मचारियों की मांग, समय पर मिले वेतन:** दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी समय पर वेतन की भी मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि एक तो वेतन कम है वह भी समय पर नहीं मिलने से परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है। महिला कर्मचारियों ने बताया कि समय पर वेतन नहीं आने से राशन-पानी की भी परेशानी हो जाती है। विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के सचिव गौरव का कहना है कि समान काम समान वेतन सिंडिकेट और हाईकोर्ट के आदेश से मिला है। बिहार विश्वविद्यालय में परीक्षा विभाग, इंजनीयरिंग सेक्शन, रजिस्ट्रार कार्यालय, कुलपति कार्यालय सभी जगह दैनिक भोगी कर्मचारी काम कर रहे हैं।

### 40-40 वर्ष से काम कर रहे कर्मचारी

दैनिक भोगी कर्मचारी इंद्रसेन ने कहा कि ईपीएफ मिलने से कर्मचारियों को काफी फायदा होगा। बीआरएबीयू में 40-40 वर्ष से कर्मचारी काम कर रहे हैं। बिहार विश्वविद्यालय दैनिक भोगी कर्मचारियों का कहना था कि उनकी नियमितीकरण जल्द विश्वविद्यालय प्रशासन करें। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से इतना किया गया कि डीए मिला है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR,
DATE:27.04.2025, PAGE-06

# विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ का चुनाव 11 को

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ का चुनाव 11 मई को होगा। इसमें संघ के छह अधिकारी और 10 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। चुनाव के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार डा. विनोद बैठा को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। चुनाव में कुल 220 वोटर होंगे। यह निर्णय शनिवार को कर्मचारी संघ की आमसभा में लिया गया। साथ ही संघ के संरक्षक के रूप में पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार का मनोनयन किया गया। चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन 28 अप्रैल को किया जाएगा।



बिहार विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की आमसभा में शामिल कर्मचारी • सौ. महासंघ

मतदाता सूची में सुधार के लिए 29 अप्रैल को आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके बाद अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन 29 अप्रैल को ही होगा। नामिनेशन पेपर दो और तीन मई को प्राप्त किया जा सकेगा। तीन और पांच मई को नामिनेशन पत्र जमा होगा। पांच मई को स्क्रूटनी होगी। इसके बाद इसी दिन उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित होगी। सात मई को उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद आठ मई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। 11 मई को सुबह नौ से तीन बजे तक वोटिंग होगी। उसी दिन दोपहर 3.30 बजे से मतगणना होगी। आमसभा में अध्यक्ष रामकुमार, सचिव गौरव, कोषाध्यक्ष विकास मिश्रा, सहायक सचिव सुरेश राय, डिप्टी रजिस्ट्रार धीरेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित हुए। मौके पर राजन कुमार, राघवेंद्र कुमार समेत अन्य ने भी विचार रखे।

वहीं मताधिकार नहीं दिए जाने पर कई कर्मचारियों ने बैठक में विरोध जताया और उठकर चले गए। उन्होंने इसकी शिकायत रजिस्ट्रार से किए जाने की बात कही है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 27.04.2025, PAGE-06


# स्थायी प्राचार्यों की काउंसिलिंग अगले सप्ताह

## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने गठित की कमेटी, प्राक्टर प्रो. बीएस राय बने चेयरमैन

- बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से बीआरएबीयू को मिलेंगे 24 स्थायी प्राचार्य
- अभ्यर्थियों के चरित्र, पूर्व वृत्त अर्हता, अनुभव, आरक्षण कोटि व शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की होगी जांच



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अंगीभूत कालेजों के लिए स्थायी प्राचार्यों की पदस्थापना प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस कड़ी में सबसे पहले स्थायी प्राचार्यों के लिए काउंसिलिंग कराई जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से कमेटी का गठन किया गया है। मंगलवार से काउंसिलिंग की प्रक्रिया कराई जा सकती है। इसके लिए प्राक्टर प्रो. बीएस राय की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही कमेटी में डिप्टी रजिस्ट्रार डा. विनोद बैठा, डा. अमर बहादुर शुक्ला, डा. गौतम चंद्रा, डा. सर्वेश दुबे, डा. अंजलि चंद्रा, डा. अनुराधा पांडेय को शामिल किया गया है। काउंसिलिंग की प्रक्रिया में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से चयनित स्थायी प्राचार्यों के दस्तावेज की जांच होगी। इसमें अभ्यर्थियों के चरित्र, पूर्व वृत्त, अर्हता, अनुभव, आरक्षण कोटि समेत शैक्षणिक समेत अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की जांच होगी। इसके बाद उनके पदस्थापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पदस्थापन की प्रक्रिया में राज्यपाल की ओर से नामित प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से बीआरएबीयू के अंगीभूत कालेजों में स्थायी प्राचार्य के लिए 24 अभ्यर्थियों की सूची भेजी गई है। इसमें से कई चयनित प्राचार्य स्थानीय कालेजों के प्रभारी प्राचार्य भी हैं। वहीं कई पूर्व में प्राचार्य रह चुके हैं तो कई वरीय शिक्षक हैं। आयोग की ओर से बीआरएबीयू समेत प्रदेश के सभी विश्विवद्यालयों में स्थायी प्राचार्य के लिए 114 अभ्यर्थियों का चयन करते हुए शिक्षा विभाग को सूची उपलब्ध कराई है। इस आधार पर विभाग के उप सचिव अमित कुमार पुष्पक ने सभी विश्वविद्यालयों को पत्र भेजकर एक महीने के भीतर विभिन्न विहित प्रक्रियाओं का पालन कर नियुक्ति और पदस्थापन की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही है।

**मनचाहे पोस्टिंग के लिए कई साध रहे संपर्क** : अंगीभूत कालेजों में मनचाहे पोस्टिंग के लिए कइयों ने हाई लेवल पैरवी के साथ प्रभावियों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। इससे विश्वविद्यालय कैंपस में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि कई लोग स्थायी प्राचार्य के दावेदारों को मनचाहे पोस्टिंग के लिए मदद भी आफर कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ऐसे लोग राजधानी से लेकर केंद्र तक में अपने संपर्क को साध रहे हैं।

## वोकेशनल कोर्स में नामांकन की आवेदन प्रक्रिया अगले महीने

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्विवद्यालय में वोकेशनल कोर्स में होने वाले नामांकन के लिए अगले माह प्रक्रिया शुरू होगी। सबकुछ ठीक रहा तो अगले सप्ताह नामांकन संबंधी प्रक्रिया के लिए अधिसूचना जारी होगी। मई में आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके बाद आए हुए आवेदनों के आधार पर विश्वविद्यालय स्तर पर संयुक्त प्रवेश परीक्षा होगी। परिणाम के आधार पर मेरिट लिस्ट बनेगी। इसी आधार पर कालेजों में संचालित होने वाले विभिन्न वोकेशनल कोर्स में अभ्यर्थियों का आवंटन होगा। बताया जा रहा है कि मई के अंत से लेकर जून की शुरुआत में प्रवेश परीक्षा कराई जा सकती है। जुलाई में नामांकन की प्रक्रिया पूरी करते हुए कक्षाओं का संचालन किया जा सकता है। इस पर अंतिम निर्णय होना बाकी है। विश्वविद्यालय स्तर से यूएमआइएस से आवेदन प्रक्रिया होगी या कोई दूसरा विकल्प दिया जाएगा। इस पर विचार चल रहा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**


DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:27.04.2025
PAGE-06


## बीआरएबीयू में स्वास्थ्य शिविर में 150 की जांच

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र और आसव अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 शिक्षक-कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं की जांच हुई। कुलपति प्रो.डीसी राय व प्राक्टर प्रो.बीएस राय ने जांच करा शिविर का शुभारंभ किया। शिविर कार्यक्रम की समन्वयन स्वास्थ्य केंद्र की नोडल अधिकारी डा. अंकिता सिंह व डा. अंजलि चंद्रा ने किया। आसव अस्पताल की डा.अमृता के नेतृत्व में डा.कन्हैया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.सना, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.अश्विनी आदि थे। डा.अनन्या के नेतृत्व में फिजियोथरेपी टीम ने नेत्र, बीपी, शुगर, बीपीबीएम की जांच की। मौके पर विश्वविद्यालय की सीसीडीसी डा.मधु सिंह, सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन डा.संगीता रानी, आरबीबीएम कालेज की प्राचार्य डा.ममता रान व डा.कुसुम, डा.रेणु, डा.विदिशा मिश्रा, डा.अमर शुक्ला, डा.विनोद बैठा व स्वास्थ्य केंद्र कर्मी चंदन, प्रकाश, विकास, टुन्ना थे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:27.04.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू ने पहलगाम के पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के तत्त्वावधान में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना में शहीद हुए पर्यटकों की शांति के लिए डॉ आंबेडकर पार्क में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गयी. इसके बाद डॉ आंबेडकर की प्रतिमा से एलएस कॉलेज द्वार तक श्रद्धांजलि रैली निकाली गयी. इस मौके पर वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय सहित शिक्षक, पदाधिकारी, कर्मचारी सहित काफी संख्या में छात्र मौजूद थे.

## विवि में कैंप, वीसी समेत छात्रों की सेहत जांची गयी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के स्वास्थ्य केंद्र व आसव अस्पताल के संयुक्त तत्त्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया. कुलपति प्रो डॉ दिनेश चंद्र राय व प्रॉक्टर प्रो डॉ बीएस राय ने स्वास्थ्य जांच करायी. कार्यक्रम का समन्वय स्वास्थ्य केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ अंकिता सिंह व डॉ अंजलि चंद्रा ने किया.

### 150 की सेहत जांची गयी

आसव अस्पताल की डॉ अमृता के नेतृत्व में जनरल फिजिशियन डॉ कन्हैया, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सना, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अश्वनी, फिजियोथेरापिस्ट डॉ अनन्या की टीम ने नेत्र जांच, शुगर, बीपी, बीएमआइ की जांच की. मौके पर विवि की सीसीडीसी डॉ मधु सिंह, सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन डॉ संगीता रानी, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ ममता रानी, डॉ कुसुम, डॉ रेणु, डॉ विदिशा मिश्रा, डॉ अमर शुक्ला, डॉ विनोद बैठा स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी चंदन, प्रकाश, विकास, टुन्ना मौजूद थे. कैंप में विवि के करीब 150 शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं की जांच की गयी.